पत्रांक–बि0प्र0सु0मि0सो0–RTPS–07–2013(खण्ड–3), सो०.1744

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

आमिर सुबहानी,
अपर मुख्य सचिव–सह–मिशन निदेशक,
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक– 7/12/2018

विषयः– पंचायत स्तर पर निर्मित पंचायत सरकार भवनों में RTPS कॉउंटर स्थापित करने के संबंध में।

महाशय,

पंचायती राज विभाग से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम अंतर्गत आच्छादित सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाएँ यथा–जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र (मात्र ऑनलाइन) को प्रथम चरण में 1055 पंचायतों में, जहाँ पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, वहाँ RTPS का एक कॉउंटर स्थापित कर RTPS सेवाएँ उपलब्ध कराने के संबंध में निम्नलिखित निर्णय लिया गया हैः–

1. पूर्ण निर्मित पंचायत सरकार भवनों में RTPS का एक कॉउंटर स्थापित किया जाये।
2. उक्त कॉउंटर का संचालन पंचायती राज विभाग द्वारा सृजित कार्यपालक सहायकों के संविदात्मक पद पर नियोजित कार्यपालक सहायक के द्वारा किया जायेगा।
3. बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम अन्तर्गत सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाएँ यथा–जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र (मात्र ऑनलाइन) से संबंधित आवेदन पत्र को कार्यपालक सहायक द्वारा RTPS Online के निर्धारित लिंक से ऑनलाइन समर्पित किया जायेगा तथा समर्पित ऑनलाइन आवेदन की पावती को प्रिन्ट कर नागरिकों को उपलब्ध कराया जायेगा।
4. अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत डिजीटल हस्ताक्षर युक्त जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र RTPS Online वेबसाइट पर अपलोड किये जाते है। आवेदक द्वारा माँग किये जाने पर इनकों डाउनलोड कर प्रिन्ट कर निर्धारित पहचान पत्रों के आलोक में कार्यपालक सहायक द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।
5. यह पूरी व्यवस्था निःशुल्क होगी।

उपर्युक्त निर्णय के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाये।

विश्वासभाजन

(आमिर सुबहानी) 7.12.18
अपर मुख्य सचिव–सह–मिशन निदेशक

C:\Users\kumar\Desktop\MD SIR LETTER .docx